अग्रवाल महाविद्यालय में दिनाँक 10–08–2015 को इको–क्लब के तत्वावधान में एन.एस.एस. के स्वयंसेवक एवं एवयंसेविकाओं के द्वारा "पर्यावरण बचाओ, धरती बचाओ" विषय पर लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में निकाली गई.

महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन व श्रीमती किरन आनन्द ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. एन.एस.एस. इकाई द्वितीय की कार्यक्रमाधिकारी श्रीमती रितु और इकाई तृतीय की कार्यक्रमाधिकारी डॉ० रेखा सैन के नेतृत्व में एन.एस.एस. के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने समाज के लोगों को जागरुक करने के लिए "पेड़ लगाओं देश बचाओ" इत्यादि नारों के साथ रैली बल्लबगढ़ में निकाली. इस रैली के साथ साथ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. जिसमें समस्त महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया. स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा एन.एस.एस. इकाई द्वितीय से प्रथम स्थान पर हिनाकक्षी बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर शहनाज बी.ए. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर काजल बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा सांत्वना पुरुस्कार कविता बी.ए. द्वितीय वर्ष को मिला. तथा एन,.एस.एस. इकाई तृतीय से प्रथम स्थान पर शिवानी बी.कॉम. आनर्स प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर प्रतीक्षा बी.कॉम. प्रथम प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर गीतांजलि बी.कॉम. प्रथम वर्ष रही. इस स्लोगन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका क्रमशः श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरण आनन्द, डॉ० गीता गुप्ता ने, डॉ० ऊषा चौधरी तथा डॉ० रेनू माहेश्वरी ने किया.

दिनाँक 7–8–2015 को सेक्टर 16 अ स्थित नेहरू कॉलेज में जिला स्तर पर एन.एस.एस. वेस्ट वॉलिटियर का चयन एन.एस.एस. के संयोजक डॉ० रनवीर गुलिया के द्वारा किया गया. इसमें अग्रवाल महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई तृतीय की स्वयंसेविका कु० प्रियंका (बी.कॉम. तृतीय वर्ष) को तीसरे स्थान पर चयनित किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने एन.एस.एस. इकाई तृतीय की कार्यक्रमाधिकारी व स्वयंसेविका को बधाई दी.